यूपी में अब औद्योगिक केंद्र वाले होंगे 45 जिले

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए एक्सप्रेसवे और राष्ट्रीय राजमार्गों के आसपास औद्योगिक केंद्रों की संख्या 27 से बढ़ाकर 45 की जाएगी। यूपीडा के अतिरिक्त सीईओ शैलेंद्र भाटिया ने अमेरिका आर्थिक शिखर सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, बलरामपुर और फिरोजाबाद में औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं। वहीं, बुंदेलखंड में 62 हजार एकड़ में औद्योगिक स्मार्ट सिटी बन रही है। यूपी डिफेंस कॉरिडोर में 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आया है और 13 इकाइयों में उत्पादन शुरू हो चुका है। ब्यूरो